Fire in Vigyan Bhawan

1107. SHRI GHUFRAN AZAM :
SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE :
SHRI GURUDAS DAS GUPTA :

Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that fire broke out in Vigyan Bhawan due to negligence on the part of CPWD recently ;

(b) whether the CPWD has failed to provide fire-fighting equipments in the Government buildings ; and

(c) if so, the Government's reaction thereto and steps Government propose to take against the CPWD in this regard ?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI MURASOLI MARAN) : (a) and (b) No, Sir.

(c) On a review of the requirements of the Delhi Fire Prevention and Fire Safety Act, 1986, brought into force in March, 1987 the Government sanctioned a number of fire-safety works in the high-rise buildings maintained by CPWD in order to bring them in comformity with the rules framed under the Act. A dedicated Project Team under a Superintending Engineer has been sanctioned in the CPWD in July, 1989 for execution of these fire safety works. These have already been started by the CPWD.

कृषि नीतियों संबंधी उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सिफारिश

1108. **श्री राम नरेश यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "कृषि नीतियों और कार्यक्रमों संबंधी उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने अपना प्रतिवेदन सरकार को प्रस्तुत कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार को यह प्रतिवेदन कब प्राप्त हुआ ;

(ग) क्या सरकार ने इस प्रतिवेदन में की गयी सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिए कोई योजना बनायी है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री नितिश कुमार): (क) श्री भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गठित उच्च शक्ति प्राप्त समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत नहीं की है।

(ख) से (घ) प्रश्न ही नहीं होता है।

फलों के उत्पादन में वृद्धि

1109. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा के वैज्ञानिकों ने फलों के उत्पादन में दस गुना वृद्धि करने के लिए सफल प्रयोग किये हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने किसानों को उत्पादन के इन सफल तरीकों से अवगत कराने के लिए कोई ठोस कदम उठाये हैं ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि इस दिशा में अब तक कोई प्रयास नहीं किये गये हैं ; तो इस संबंध में भावी योजनाएं क्या हैं ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री नितिश कुमार) : (क) जी, नहीं।

(ख) से (घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

महाराष्ट्र में डेरी परियोजनायें

1110. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार द्वारा स्विटजरलैंड की सहायता से महाराष्ट्र में कोई डेरी परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं; और